आरोप सीएसपी पर लगाए गए हैं अवैध वसूली और रिश्वत मांगने के आरोप, पहले कटनी एएसपी कर रहे थे जांच

अब जबलपुर एएसपी करेंगी सीएसपी की जांच

नवभारत, कटनी। नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया की मुश्किलें कम होते दिखाई नहीं दे रही हैं। अवैध वूसली के गंभीर आरोपों से घिंरी नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के खिलाफ की गई जांच अब जबलपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सौंप दी गई है। इससे पहले आरोपों की जांच कटनी जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कर रहे थे, लेकिन पुलिस महानिरीक्षक ने कटनी नगर पुलिस अधीक्षक के खिलाफ चल रही जांच को जबलपुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से कराने के निर्देश दिए हैं। नगर पुलिस अधीक्षक पर लगे आरोपों की जांच अब जबलपुर अतिरिक्त पुलिसा अधीक्षक अनु बेनीवाल द्वारा की जा रही है। जानकारी के अनुसार ट्रांसपोर्ट व्यवसायी महेंद्र कुमार जैन ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत में आरोप लगाया था कि 21 जुलाई की रात वाहन चेकिंग के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया पर रेत और डोलोमाइट परिवहन में लगे हाईवा को रोककर 30 हजार रुपए की मांग की गई। धमकी के बाद व्यवसायी ने मौके पर 25 हजार रुपए नकद दिए, जबकि शेष पांच हजार रुपए अगले दिन नगर पुलिस अधीक्षक के चालक के माध्यम से मंगवाए गए। इस शिकायत के बाद पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों के आधार पर नगर पुलिस अधीक्षक के चालक आरक्षक केशव सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इसके साथ ही नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के अधिकार क्षेत्र से कुठला, माधवनगर और रंगनाथ नगर थानों का प्रभार हटाकर अजाक डीएसपी शिवा पाठक को सौंप दिया। अवैध वसूली के अलावा

नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया पर हत्या के एक मामले में चालान रोकने, 15 लाख रुपए की रिश्वत मांगने और 85 लाख रुपए की जमीन कौड़ियों के दाम अपने एजेंट के नाम कराने के गंभीर आरोप भी लगे हैं। इन आरोपों का परिवादर भी न्यायालय में दर्ज हो गया है, जिसकी सुनवाई की तिथि 9 सितंबर 2026 को तय की गई है। एक अन्य पीड़ित ज्योति आनंद पटेल ने 12 अप्रैल 2026 को आईजी से शिकायत की थी कि 11 अप्रैल 2026 को उनके 12 चक्का हाईवा को मुरूम परिवहन के सभी वैध कागजात होने के बावजूद सीएसपी ने नियम विरुद्ध तरीके से पकड़ा और कुठला थाने में खड़ा करा दिया। डर और सामाजिक प्रतिष्ठा के कारण शिकायतकर्ता पहले बयान देने नहीं आ रहे थे, लेकिन मंगलवार को उन्हें दोबारा बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया। वहीं शिकायतकर्ता व ट्रांसपोर्टर महेंद्र कुमार जैन ने शिकायत में बताया है कि उनकी गाड़ियां वैध परिवहन में लगी हैं। 21 जुलाई की रात चेकिंग के नाम पर रोककर जबरन वसूली की गई। मैंने पूरे साक्ष्यों के साथ एसपी से न्याय की गुहार लगाई थी। 3 अप्रैल 2026 को पुलिस ने हत्या के एक मामले में आरोपी आकाश लोधी को गिरफ्तार किया। आरोप है कि सीएसपी ने बेटे को बचाने और केस से निकालने के बदले में पिता रमेश लोधी से 15 लाख की रिश्वत मांगी। दबाव बनाकर ग्राम कन्हवारा स्थित भूमि जिसकी जिसकी शासकीय गाइडलाइन वैल्यू लगभग 85 लाख रुपए थी, उसे 15 अप्रैल 2026 को सीएसपी और थाना प्रभारी की शह पर महज 18.20 लाख में सीएसपी के कथित एजेंट के नाम करवा लिया गया। विक्रेता रमेश लोधी को सिर्फ 15 लाख का चेक मिला। जब जमीन देने के बाद भी बेटा नहीं छूटा और बकाया राशि नहीं मिली, तो पीड़ित ने 18 मई 2026 को सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने उल्टा आरोपी रमेश लोधी और उनके दामाद सतीश लोधी को भी 17 मई 2026 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अदालत ने इस मामले में संबंधित थाने से जांच प्रतिवेदन तलब किया है। इन सभी आरोपों के मामले में जांच की जा रही है। शिकायतकर्ता के बयान दर्ज किए गए हैं। आईजी के निर्देश पर वसूली और चालान में देरी सहित अन्य दोनों शिकायतों की जांच एएसपी जबलपुर द्वारा की जा रही है।

बिजली नहीं मिलने से किसान परेशान, खेती प्रभावित

खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर नया लगाने की मांग

नवभारत, कटनी। जिले के स्लीमनाबाद तहसील के तेवरी गांव में कृषि पंपों के लिए लगाए गए विद्युत ट्रांसफार्मर से अज्ञात लोगों ने तेल चोरी कर लिया। इसके बाद ट्रांसफार्मर खराब होने से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप है। बिजली नहीं मिलने से धान की बुवाई और सिंचाई प्रभावित हो रही है। परेशान किसान बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और अधिकारियों को शिकायत देकर जल्द समाधान की मांग की। किसान बलराम, राजराम और गणेश कुशवाहा ने बताया कि वे कृषि पर निर्भर हैं और वर्तमान में धान का सीजन चल रहा है। ट्रांसफार्मर से तेल निकाले जाने के बाद वह जलकर खराब हो गया। बिजली आपूर्ति बंद होने से ट्यूबवेल और कृषि पंप नहीं चल पा रहे हैं। इससे खेतों में खड़ी फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। किसानों ने बताया कि वे पिछले कई दिनों से बिजली और सिंचाई की समस्या से परेशान हैं। उनका कहना है कि यदि जल्द बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो धान की बुवाई का सीजन प्रभावित हो सकता है। किसानों के ने बताया कि विद्युत विभाग को कई बार सूचना देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रांसफार्मर से तेल चोरी होने की जानकारी संबंधित विद्युत वितरण कंपनी के स्थानीय अधिकारियों और कर्मचारियों को लिखित और मौखिक रूप से दी गई थी। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। इसी वजह से किसानों को कलेक्ट्रेट पहुंचकर शिकायत करनी पड़ी। किसानों ने खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

एक नजर में

गुरू पूर्णिमा पर पूजन के बाद किया गया पौधरोपण

नवभारत, बहोरीबंद। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर रूपनाथ धाम में सर्वप्रथम प्रभु भोलेनाथ जी का जलाअभिषेक व पूजन और आरती की गई। इसके पश्चात शिव भक्तों द्वारा पौधा रोपण कर प्रसाद वितरण किए गया जिसमें अधिक मात्रा में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

किसान जल्द कराएं फसल बीमा, दो दिन ही शेष

नवभारत, कटनी। खरीफ सीजन 2026 में फसलों का बीमा कराने के लिए अब केवल दो दिन शेष रह गए हैं। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे 31 जुलाई तक अनिवार्य रूप से अपनी फसलों का बीमा करा लें, ताकि प्राकृतिक आपदाओं या प्रतिकूल मौसम से होने वाली फसल क्षति की स्थिति में शासन द्वारा निर्धारित लाभ प्राप्त किया जा सके। उप संचालक कृषि ने बताया कि खराब मौसम का असर फसल पर पड़ सकता है, लिहाजा किसान फसल बीमा कराएं।

उपमंडी में शेड नहीं होने से किसानों को हो रही परेशानी

बारिश के कारण फसल खराब होने की आशंका

नवभारत, ढीमरखेड़ा। जिले की ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत आने वाली पान उमरिया उप-मंडी प्रांगण में बुनियादी सुविधाओं की कमी का खामियाजा क्षेत्र के किसानों को भुगतना पड़ रहा है। मंडी में पर्याप्त टीन शेड न होने के कारण बारिश के इस मौसम में मूंग और उड़द की उपार्जन प्रक्रिया बुरी तरह प्रभावित हो रही है। मौसम में अचानक हो रहे बदलाव और बारिश के चलते खुले आसमान तले रखी किसानों की गाढ़ी कमाई पानी में भीग रही है। बारिश के पानी से फसल में नमी बढ़ जाती है, जिसके कारण खरीदी केंद्र के कर्मचारी और सर्वेयर फसल लेने से कतराते हैं या गुणवत्ता मानक में खरा न उतरने का हवाला देकर

तुलाई रोक देते हैं। पानी पड़ने से मूंग और उड़द में नमी आ जाती है, जिससे अनाज के खराब होने और सड़ने का खतरा बढ़ जाता है। बारिश आते ही तुलाई का काम ठप पड़ जाता है, जिससे किसानों को कई-कई दिनों तक मंडी परिसर में ही डेरा डालना पड़ता है। फसल भीगने के कारण ग्रेडिंग में पास नहीं होती, जिससे किसानों को फसल वापस ले जानी पड़ती है या कम दामों पर नुकसान सहना पड़ता है। हम कई दिनों से यहां अपनी उपज लेकर खड़े हैं। मंडी में टीन शेड न होने से बारिश होते ही फसल को बचाने का कोई साधन नहीं रहता। भीगने के बाद खरीदी केंद्र वाले फसल लेने से मना कर देते हैं। क्षेत्रीय किसानों ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि पान उमरिया उप-मंडी प्रांगण में जल्द से जल्द विशाल टीन शेड का निर्माण कराया जाए और फिलहाल बारिश से बचाने के लिए तिरपाल व वैकल्पिक व्यवस्था तत्काल उपलब्ध कराई जाए, ताकि किसानों की मेहनत पानी में नहीं बहे।

कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने पदाधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा

संगठन विस्तार को लेकर कांग्रेस ने की बैठक

नवभारत, कटनी। जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी शहर के तत्वावधान में जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत और सक्रिय बनाने, नए अध्यक्षों, पदाधिकारियों की नियुक्ति, संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर वन-टू-वन चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिला अल्पसंख्यक प्रभारी अकबर खान और शहर कांग्रेस अध्यक्ष अधिवक्ता अमित शुक्ला ने की। इस अवसर पर जनाब अकबर खान ने कहा कि कांग्रेस का अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ संगठन की एक मजबूत कड़ी है। प्रत्येक

कार्यकर्ता को जनता के बीच सक्रिय रहकर पार्टी की विचारधारा और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाना होगा। संगठन जितना मजबूत होगा, कांग्रेस उतनी ही प्रभावी ढंग से जनता की आवाज बनकर कार्य करेगी। वहीं शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा सामाजिक सद्भाव, समानता और भाईचारे की विचारधारा पर चलती आई है। समर्पित एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को संगठन में जिम्मेदारी देकर प्रत्येक वार्ड और बूथ स्तर तक संगठन का विस्तार किया जाएगा, जिससे कांग्रेस और अधिक सशक्त होकर जनता के बीच कार्य कर सके।

बैठक में संगठन विस्तार, नए नेतृत्व को अवसर देने तथा अल्पसंख्यक समाज के बीच कांग्रेस की नीतियों एवं जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से पहुँचाने का संकल्प लिया गया। बैठक में मारूफ अहमद हानिफी, हाजी मुश्ताक, हाजी अब्दुल कादिर, अहमद कुरैशी, राजा खान, गुलाम जफर, सैय्यद शकील, शेख कमल मंसूरी, जार्ज डेविड, सलाहुद्दीन, मजीद खान, शाजिद खान, मोहम्मद फरीद, इकलाख, अशफाक चिश्ती सहित जिला एवं शहर कांग्रेस तथा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सड़क किनारे खड़े वाहनों और अस्थाई दुकानों को बस ने मारी टक्कर

बरही में हुआ हादसा, पुलिस ने दर्ज किया मामला

नवभारत, कटनी। जिले के बरही नगर में बुधवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। गहरवार बस सर्विस की एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित बस ने सड़क किनारे खड़े और गुजर रहे कई वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में एक बाइक, स्कूटी, कार और ठेला-टपरा

क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के दौरान सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार बस तेज रफ्तार थी और अचानक चालक का नियंत्रण वाहन पर नहीं रहा। देखते ही देखने बस ने एक के बाद एक कई वाहनों को टक्कर मार दी।

बरही नगर परिषद के सीएमओ दीपेश बबेले ने बताया कि अतिक्रमणकारियों को पहले भी नोटिस दिया गया था, हादसे के बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए चौराहे का अतिक्रमण हटा दिया गया है। अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी निष्ठा से पढ़ाएं शिक्षक

महापौर ने की नगर निगम स्वामित्व वाले स्कूलों की समीक्षा

नवभारत, कटनी। नगर निगम स्वामित्व के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बुधवार को नगर निगम शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों, संबंधित अधिकारियों से शैक्षणिक गतिविधियों, आधारभूत सुविधाओं और विकास कार्यों की जानकारी ली गई। महापौर ने कहा कि नगर निगम स्कलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए सभी शिक्षक और अधिकारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा विद्यालयों में आवश्यक विकास कार्य लगातार कराए जा रहे हैं और यह क्रम आगे भी जारी रहेगा, ताकि विद्यार्थियों को निजी विद्यालयों के समान गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। बैठक के दौरान प्राचार्यों ने बताया कि निगम द्वारा कराए गए अधोसंरचनात्मक विकास, खेलकूद, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों के कारण विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और प्रवेश संख्या में भी इजाफा देखने को मिला है। ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थी भी निगम स्कूलों में दाखिला लेने में रुचि दिखा रहे है। बैठक में प्राचार्यों ने विभिन्न आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी दी। जिसमें नगर निगम छात्रावास से स्कूल तक छात्रों के आवागमन के लिए वाहन, शिफ्ट वार चौकीदारों की व्यवस्था, भृत्य की नियुक्ति, रिक्त पदों पर विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की पदस्थापना और आवश्यक शैक्षणिक उपकरण, फर्नीचर की मांग शामिल थीं। जिसपर महापौर ने संबंधित अधिकारियों को मांगों का परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के लिए कहा। महापौर ने बैठक के दौरान नगर के अन्य शासकीय स्कूलों में निगम प्रशासन के माध्यम से कराए जा रहे विकास और मरम्मत कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्कूलों के मरम्मत का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

जनसुरक्षा के मद्देनजर जेसीबी से हटाया गया खतरनाक जर्जर भवन

नगर निगम ने शहर के रघुनाथ वार्ड में की कार्रवाई

नवभारत, कटनी। वर्षा ऋतु के दौरान जर्जर भवनों के धराशायी होने से संभावित जन-धन हानि की आशंका को देखते हुए नगर निगम द्वारा नगर क्षेत्र में चिन्हित जर्जर एवं खतरनाक भवनों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। निगम प्रशासन द्वारा ऐसे भवनों का तकनीकी परीक्षण एवं सर्वेक्षण कर चरणबद्ध रूप से सुरक्षित ढंग से डिस्मेंटल करने की कार्रवाई की जा रही है, ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसी क्रम में बुधवार को रघुनाथ

गंज वार्ड स्थित सुरेश माखीजा के अत्यंत जर्जर और जोखिमपूर्ण भवन को निगम प्रशासन द्वारा आवश्यक सुरक्षा संसाधनों, मशीनरी, सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए डिस्मेंटल किया गया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र की बैरिकेडिंग कर आवागमन को नियंत्रित रखा गया। संबंधित अमले की मौजूदगी में भवन को सुरक्षित रूप से हटाया गया। इस दौरान क्षेत्रीय उपयंत्री रवि हनोते, अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह सहित अतिक्रमण अमले की मौजूदगी रही। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान जन सुरक्षा निगम प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे सभी जर्जर भवन, जिनसे आमजन के जीवन एवं संपत्ति को खतरा उत्पन्न होने की संभावना है, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने भवन स्वामियों से अपील की कि वे अपने जर्जर भवनों की समय रहते मरम्मत कराएं अथवा निगम के निर्देशानुसार उन्हें सुरक्षित रूप से हटाने में सहयोग करें, जिससे अप्रिय घटना से बचा जा सके।

जिले में अब तक 363 मिलीमीटर हुई बारिश

नवभारत, कटनी। जिले में 1 जून से 29 जुलाई तक कुल 363 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्नालाल तिवारी ने बताया कि जिले की कटनी तहसील में 368.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 528.4 मिमी, बड़वारा तहसील में 216.5 मिमी, बरही तहसील में 215.8 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 261.4 मिमी, बहोरीबंद तहसील में 327.1 मिमी, स्लीमनाबाद में 668.4 मिमी,ढीमरखेड़ा तहसील में 314.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

जायजा कटाएघाट रिवर फ्रंट विकास कार्यों और सुरम्य पार्क की व्यवस्थाओं का नगर निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

विकास सिर्फ सौंदर्यीकरण तक नहीं रहे, बल्कि लंबे समय तक सुरक्षित और उपयोगी भी हो

नवभारत, कटनी। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने मंगलवार को कटाए घाट रिवर फ्रंट के विकास कार्यों, सुरम्य पार्क की व्यवस्थाओं जगन्नाथ चौक में कराए जाने वाले सौंदर्यीकरण कार्य के स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अमृत योजना के तहत कटनी नदी के किनारे विकसित किए जा रहे रिवर फ्रंट के पिचिंग, पाथ-वे, रेलिंग, गार्डन और बैठक व्यवस्था की प्रगति का जायजा लिया गया। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि प्राकृतिक संरचना और हरित वातावरण को ध्यान में रखते हुए यहां योगाभ्यास, ओपन जिम की सुविधा विकसित करने की दिशा में कार्य किया जाए। इसके

अतिरिक्त स्थल पर नागरिकों के बैठने के लिए आकर्षक व्यवस्था, व्यापक पौधारोपण और समुचित प्रकाश व्यवस्था करने के लिए कहा। निगमायुक्त ने पिचिंग कार्य की गुणवत्ता में सुधार लाने के साथ ही सभी निर्माण कार्यों में निर्धारित मानकों का पालन करने और समय-सीमा में पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिए गए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने कटाएघाट स्थित सुरम्य पार्क का पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया । उन्होंने पार्क को अधिक आकर्षक बनाने एवं नागरिकों के बैठने की समुचित व्यवस्था के लिए कलरफुल बेंच लगाने, पेड़ों पर रंगीन के अपेक्षा नेचुरल कलर करने, झील की सफाई कर उसे प्राकृतिक स्वरूप देने और फिश पॉन्ड स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही टूटे हुए पेवर ब्लॉक की मरम्मत और पूरे परिसर में सुंदर लाइटिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए, ताकि शाम के समय भी नागरिक यहां सुरक्षित रूप से समय बिता सकें। निगमायुक्त ने कहा कि नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों का विकास केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित न होकर नागरिकों के लिए लंबे समय तक सुरक्षित, सुविधाजनक और उपयोगी होना चाहिए।उन्होंने कहा कि कटाए घाट क्षेत्र को शहरवासियों के लिए स्वास्थ्य, मनोरंजन और पर्यटन का केंद्र बनाने की दिशा में कार्य किया जाए। जगन्नाथ चौक में कटनी नदी पुल के पास विधायक निधि से विकसित किए जाने वाले रिक्त स्थल के सौंदर्यीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने प्रस्तावित विकास कार्यों की रूपरेखा की जानकारी नगर निगम आयुक्त को दी।